# भोजपुर में नकली मोबिल फैक्ट्री का उदभेदन, एक गिरफ्तार




आरा,बिहार। भोजपुर के इमादपुर थाना की पुलिस ने नकली मोबिल ऑयल फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। 'काले तेल' के कारोबार में संलिप्त एक धंधेबाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि ईमादपुर थाना क्षेत्र के मोआप खुर्द गांव के भोला अंसारी के मकान में नकली मोबिल बनाने का काला कारोबार फल फूल रहा था।

मोबिल मैनेजमेंट प्रा.लि. के सीनियर इंवेस्टीगेटर ऑफिसर सन्नी घोष की शिकायत पर पुलिस ने छापेमारी की, तो नकली फैक्टरी का काला कारोबार देखकर उसके होश उड़ गए गए। अपर थानाध्यक्ष रामसुन्दर यादव व सुधीर ने कहा कि मोआप ख़ुर्द गांव से जले-थक्के हुए चिकनाई वाले तेल से डुप्लीकेट ल्यूब्रिकेंट ऑयल बनाने वाली इनहाउस फैक्ट्री का उदभेदन किया गया है।

Source: https://khabreapki.com/moap-khurd-imadpur-fake-mobil-factory-exposed/